देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात करेंगे।
- वाइब्रेंट विलेज नीति और माणा की महिलाएं, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए रवाना हुईं।
- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतदान सम्पन्न, स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखी गई मतपेटियां, मतगणन कल।
- उत्तरकाशी जिले में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवियों, कलाकारों तथा जनजातीय समुदाय के अतिथियों से मुलाकात करेंगे। आज प्रधानमंत्री आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें श्री मोदी कलाकारों और एनसीसी कैडेटों के साथ बात करेंगे। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में संविधान की 75वीं वर्षगांठ और जन–भागीदारी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। परेड में तीन सौ कलाकार देश के विभिन्न हिस्सों के वाद्य–यंत्रों के साथ सारे जहां से अच्छा की प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की 31 झांकियों का मुख्य विषय होगा–स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास। गणतंत्र दिवस परेड में भगवान बिरसा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभभाई पटेल और मौसम विभाग पर आधारित झांकियां भी शामिल होंगी।

गणतंत्रत दिवस निमत्रंण

चमोली जिले के वाइब्रेंट विलेज नीति और माणा की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के वाहन से नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए रवाना हो गईं। स्वयं सहायता समूह की 10 महिलाओं सहित 18 महिलाओं को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संजीवनी महिला स्वयं सहायता समूह, कैलाशपुर की सरिता देवी, जय भैरव देवता सहायता समूह, गमशाली की मंजू देवी और गौरा महादेव स्वयं सहायता समूह की नर्मदा देवी का कहना है कि वे बीते कई वर्षों से भारत सरकार के बुनकर सेवा केंद्र के माध्यम से महिला समूह बनाकर हथकरघा व हस्तशिल्प का काम कर रही है। इससे समूह की महिलाओं को घर पर ही रोजगार मिल पा रहा है। उनका कहना है कि इस बार उन्हें गणतंत्र दिवस की परेड देखने का आमंत्रण मिला है, जिससे वे बहुत खुश हैं।

इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा प्रियंका नौटियाल ने कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए उनके साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों की तीन छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

आज पूरे देश में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। राष्ट्रीय बालिका दिवस— 2025 की थीम "उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना" है। यह थीम समाज में उनकी भूमिका को पहचानते हुए लड़कियों को नेतृत्व करने और उनके भविष्य को आकार देने के समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर देती है।

निकाय चुनाव

प्रदेश में कल शाम निकाय चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए। राज्य निर्वाचन आयोग के अुनसार प्रदेश के सौ नगर निकायों में कुल 65 दशमलव शून्य—तीन प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक 71 दशमलव एक—पांच प्रतिशत मतदान रुद्रप्रयाग में और सबसे कम 55 प्रतिशत मतदान देहरादून जिले में हुआ है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि अल्मोड़ा जिले में 63, बागेश्वर में सड़सठ दशमलव एक नौ, चमोली में छियासठ दशमलव छह चार, चंपावत में चौसठ,, नैनीताल उनहत्तर दशमलव सात आठ प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। वहीं, पौड़ी गढवाल में छियासठ दशमलव पांच, पिथौरागढ़ में चौसठ दशमलव सात पांच, रुद्रप्रयाग इक्कत्तर दशमलव एक पांच, टिहरी गढ़वाल दशमलव इक्सठ दशमलव आठ, उधमसिंहनगर सत्तर दशमलव छह, और उत्तरकाशी जिले में इक्सठ प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, सभी पोलिंग पार्टियां रात तक अपने संबंधित केंद्रों पर लौट आई है। मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। मतगणना कल होगी।

भूकम्प

उत्तरकाशी जिले में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 दशमलव 5 मापी गई। इस दौरान लोग घरों के बाहर निकल गए। उत्तरकाशी आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार पहला झटका सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता दो दशमलव सात मापी गई। इसका केंद्र तिलोथ के पास था। दूसरा झटका 8 बजकर 19 मिनट पर महसूस किया गया। इसकी तीव्रता तीन दशमलव पांच मापी गई। इसका केंद्र तहसील भटवाड़ी के दयारा बुग्याल का वन क्षेत्र था। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी तहसीलों से भूकंप की जानकारी मांगी है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने अधिकारियों को जिले के सभी तहसील क्षेत्रों से भूकंप के असर के बारे में सूचना जुटाने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिले में कही से भी जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय समारोह आयोजित कर रहा है, जो 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्पन्न होगा। इस योजना के तहत ऊधमसिंह नगर जिले में पहले की तुलना में लिंगानुपात बढ़कर 961 हो गया है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से व्यापक रूप सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे लिंग अनुपात में सुधार हुआ है।

रुद्रपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी ने बताया कि लोगों की सोच में पहले की तुलना में काफी परिवर्तन हुआ है। इसमें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का बहुत योगदान है।

स्लग– कार्यशाला

भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून इकाई ने नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें औद्योगिक मानकों की उपयोगिता को लेकर जानकारियां दी गई। कार्यशाला में वक्ताओं ने औद्योगिक इकाइयों और आम उपभोक्ताओं को जागरूक करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सितारगंज, काशीपुर और रुद्रपुर के औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि बीआईएस औद्योगिक इकाइयों के लिए अनिवार्य दिशा–निर्देश प्रदान करता है, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।